## संपादकीय

# ढेर हुए शेयर

कोरोना वायरस से आतंकित दुनिया में ठप पड़ी आर्थिक गतिविधियों से आशंकित शेयर बाजारों में गिरावट अपेक्षित थी, मगर भारतीय शेयर बाजारों में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट आएगी, इसका अनुमान नहीं था। ऐसा नहीं है कि यह गिरावट सिर्फ भारतीय बाजारों में ही हुई, यह ट्रेंड विश्वव्यापी है। यहां तक कि गिरावट में तेजी के चलते अमेरिका तक में शेयर कारोबार रोकना पड़ा है। आशंकाएं जतायी जा रही हैं कि दुनिया एक बार फिर 2008 जैसी मंदी की ओर बढ़ रही है। शेयर बाजारों में गिरावट की एक बड़ी वजह कोरोना वायरस द्वारा सौ से अधिक देशों को गिरफ्त में लेने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे महामारी घोषित करना भी है। इस घटना म से विश्व की अर्थव्यवस्था में ठहराव आने से बाजार आशंकित है। तमाम देश विदेशी नागरिकों के अपने यहां आने पर रोक लगा रहे हैं। अमेरिका द्वारा ब्रिटेन के अलावा सभी यूरोपीय देशों के नागरिकों के अपने यहां आने पर रोक लगाने के फैसले का असर भी विश्व शेयर बाजार पर तत्काल नजर आया। बहरहाल, बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में आई भारी गिरावट के बाद भारतीय बाजार में निवेशकों के ग्यारह लाख करोड़ स्वाह हो गये। दरअसल, कोरोना वायरस के घातक प्रभाव के चलते जो आर्थिक गतिविधियां ठप हुई हैं, उसका असर कच्चे तेल के बाजार पर भी पड़ा है। जिसके चलते कच्चे तेल के दामों में अप्रत्याशित तीस फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल, जहां सऊदी अरब जैसे देश तेल के दामों में कटौती करना चाहते थे, वहीं रूस इस बात पर अडिग था कि दामों में कटौती न की जाये। हालांकि, कच्चे तेल के दामों में गिरावट का लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था को मिल सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इससे भारतीय आयात बिल में सुधार होगा। देखने वाली बात यह है कि भारत इस स्थिति का कितना लाभ उठा पाता है।

हालांकि, शु वार का दिन भारतीय शेयर बाजार के लिये खासा उतार-चढ़ाव वाला रहा है। सुबह बाजार खुलते ही इतनी बड़ी गिरावट आई कि लोअर सर्किट लगाना पड़ा। जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार तक बंद करना पड़ा। लेकिन वहीं दिन के कारोबार में इतनी बड़ी रिकवरी हुई कि एक रिकॉर्ड बन गया। शु वार को अब तक की सबसे तेज रिकवरी हुई और चार फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। दरअसल, निवेशक कोरोना वायरस के प्रसार के बाद अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर आशंकित हैं। जब दुनिया के 114 मुल्कों में 1.18 लाख लोगों के वायरस की चपेट में आने और 4300 लोगों की मौत की खबरें आ रही हैं तो संवेदनशील सूचकांक का डिगना स्वाभाविक है। हर तरफ अनिश्चितता का माहौल है। वायरस के प्रभाव की आशंका ने शेयर बाजार की सकारात्मकता को खत्म कर दिया है, जिससे निवेशकों में डर बना हुआ है और वे निर्णय लेने की स्थिति में नजर नहीं आ रहे हैं। बाजार में गिरावट की आशंकाओं के बीच निवेशकों को जो भाव मिल रहा है, उसी पर बिकवाली करने का मन बना रहे हैं।

# आज से बदल गए डेबिट-क्रेडिट कार्ड के नियम

नई दिल्ली। क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड से जुड़े नियम 16 मार्च से यानी आज से ही बदल गए हैं। नए नियम कार्ड को और सुरक्षित तथा सुविधाजनक बनाने के लिए लाए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड से होने वाले ट्रांजैक्शंस को और आसान तथा पहले से अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से दोनों कार्ड को इश्यू/रीइश्यू करने के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसको लेकर रिजर्व बैंक की तरफ से 15 जनवरी को नोटिफिकेशन जारी किया गया था। ये नए नियम प्रीपेड गिफ्ट कार्ड्स और मेट्रो कार्ड पर लागू नहीं होंगे।

रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों से कहा है कि वे मोबाइल एप्लीकेशन, लिमिट मोडिफाई करने के लिए नेट बैंकिंग विकल्प और इनेबल व डिसेबल सेवा सप्ताह के सातों दिन चौबीसों घंटे उपलब्ध करवाएं। बैंकों को कार्डधारक को पीओएस/एटीएम/ऑनलाइन



ट्रांजैक्शंस/कॉन्टैक्टलेस ट्रांजैक्शंस के लिए ट्रांजैक्शंस लिमिट में डोमेस्टिक तथा इंटरनेशनल दोनों के लिए ही बदलाव करने की सुविधा देनी होगी। इसके साथ ही बैंकों को कार्ड को स्विच ऑन और स्विच ऑफ करने की भी सुविधा देनी होगी।

**सिर्फ डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन होगा**

आरबीआई ने बैंकों से कहा है कि वे डेबिट-क्रेडिट कार्ड जारी/फिर से जारी करते समय उन्हें केवल भारत में एटीएम और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल्स पर ट्रांजैक्शंस के लिए सक्रिय करें। नए नियम के अनुसार, अब ग्राहक डेबिट और क्रेडिट कार्ड का सिर्फ एटीएम और पीओएस टर्मिनल पर इस्तेमाल कर सकेंगे।

**विदेश में ट्रांजेक्शंस के लिए अलग सुविधा**

अगर ग्राहक ऑनलाइन ट्रांजैक्शंस, कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन या इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन करना चाहते हैं तो इन सेवाओं को चालू कराना होगा। पुराने नियमों के अनुसार ये सेवाएं कार्ड के साथ स्वतः आती थीं लेकिन अब ग्राहक के आग्रह पर ही शुरू होंगी। इसका मतलब यह है कि अगर आपको विदेश में या ऑनलाइन या कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन की सुविधा चाहिए तो आपको यह सेवा अलग से लेनी होगी।

**लागू होगा सभी कार्ड पर नियम**

जिन लोगों के पास अभी कार्ड है, वे अपने जोखिम के आधार पर ये तय कर सकेंगे कि वे अपने डोमेस्टिक और इंटरनेशनल कार्ड के ट्रांजेक्शन को डिसेबल करना चाहते हैं या नहीं।

# अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाकर शून्य के करीब किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने कोरोना के कहर से निपटने की दिशा में कदम उठाते हुए अचानक ब्याज दर में बड़ी कटौती की। फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर घटाकर शून्य के करीब कर दिया। कोरोना वायरस के संकट और मंदी के खतरों से जूझ रही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के मकसद से फेड ने यह कदम उठाया है।



फेड ने बेंचमार्क ब्याज दर जो एक फीसदी से 1.25 फीसदी था उसे घटाकर शून्य से 0.25 फीसदी कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में एक फीसदी की कटौती की है। इससे पहले तीन मार्च को फेड ने ब्याज दर में 0.5 फीसदी की कटौती की थी।

फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने रविवार की शाम में कहा कि ब्याज दर में कटौती व अन्य कदम जो उठाए गए हैं उनका मकसद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को इस कठिन दौर से निकालने में मदद करना है। फेड द्वारा जो अन्य कदम उठाए गए हैं उनमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 700 अरब डॉलर डालना भी शामिल है। फेड ने 500 अरब डॉलर और 200 अरब डॉलर मूल्य के सरकारी बांड खरीदने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो पहले ब्याज दर में कटौती नहीं करने को लेकर पॉवेल की आलोचना करते थे उन्होंने फेड के इस कदम के बाद पॉवेल को बधाई दी है।

# डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 15 पैसे की कमजोरी के साथ 74.06 पर खुलने के बाद 74.15 रुपये प्रति डॉलर पर बना हुआ था। फेड के फैसले के बाद शेयर बाजारों में आई गिरावट के कारण रुपये में कमजोरी आई है। पिछले सप्ताह रुपया 74.50 के निचले स्तर तक गिरने के बाद संभला था और 73.91 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। उधर, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के फैसले के बाद डॉलर में कमजोरी आने के कारण डॉलर इंडेक्स पिछले सत्र के मुकाबले 0.37 फीसदी की कमजोरी के साथ 98.53 पर बना हुआ था। डॉलर इंडेक्स यूरो, पौंड समेत दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत का सूचक है। डॉलर के मुकाबले यूरो 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 1.1115 पर बना हुआ था।

# फेड के फैसले से चमका सोना, चांदी भी सुधरी

**नईदिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के फैसले से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की चमक बढ़ गई। कॉमेक्स पर सोना दो फीसदी से ज्यादा उछला और चांदी में भी तेजी लौटी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में महंगी धातुओं के दाम में तेजी आने से भारत के सराफा बाजार में भी सोने और चांदी में तेजी का रुझान देखने को मिल सकता है।

कोरोना के कहर के चलते शेयर बाजार में आई भारी गिरावट के बाद निवेशकों ने अपने मार्जिन कॉल को पूरा करने के लिए पिछले सप्ताह सोने में भारी बिकवाली की जिससे भारतीय वायदा बाजार में पिछले सप्ताह सोने में तकरीबन 4000 रुपये प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी में 6,000 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई थी। बाजार के जानकारों की माने तो



अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पीली धातु की तेजी से भारतीय सराफा बाजार में भी तेजी का माहौल देखने को मिलेगा।

कॉमेक्स पर सोने अप्रैल अनुबंध में पिछले सत्र से 29.25 डॉलर यानी 1.93 फीसदी की तेजी के साथ 1,545.95 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि इससे पहले सोने का भाव 1,574.70 डॉलर प्रति औंस तक उछला। कमोडिटी बाजार विशेषज्ञ बताते हैं कि फेड के फैसले से सोना वापस 1,600 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है और सोने में तेजी का फायदा चांदी को भी मिल रहा है। चांदी के मई अनुबंध में पिछले सत्र से 1.50 फीसदी की तेजी के साथ 14.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार चल रहा था जबकि इससे पहले चांदी का भाव 15.24 डॉलर प्रति औंस तक उछला।

फेडरल रिजर्व ने कोरोना के कहर से निपटने की दिशा में कदम उठाते हुए अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अचानक ब्याज दर में बड़ी कटौती की। फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर घटाकर शून्य के करीब कर दिया। कोरोना वायरस के संकट और मंदी के खतरों से जूझ रही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के मकसद से फेड ने यह कदम उठाया है। फेड ने बेंचमार्क ब्याज दर जो एक फीसदी से 1.25 फीसदी था उसे घटाकर शून्य से 0.25 फीसदी कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में एक फीसदी की कटौती की है।

# भारत के उच्च स्तरीय दल का टोक्यो-2020 दौरा स्थगित


**नईदिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अपना प्री टोक्यो-2020 दौरा स्थगित कर दिया है। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने रविवार को ट्विटर पर इसकी जानकारी दी।

इस दल में खेल मंत्री, आईओए अध्यक्ष नरेंद्र बत्रा, महासचिव राजीव मेहता के अलावा खेल मंत्रालय के सचिव राधे श्याम झुलनिया, साई के निदेश संदीप प्रधान और मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह शामिल थे।



रीजिजू और आईओए के शीर्ष अधिकारी इस महीने के अंत में टोक्यो ओलंपिक को जापान में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए टोक्यो का दौरा करने वाले थे। लेकिन कोरोनावायरस के कारण इस दौरे को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

रिजिजू ने ट्विटर पर लिखा, उच्च स्तरीय भारतीय दल के 25 मार्च के टोक्यो दौरे को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया, जो भारत की टोक्यो ओलंपिक-2020 तैयारियों की समीक्षा के लिए होना था और इमसें सरकार और आईओए के अधिकारी शामिल थे।



# खाली स्टेडियम में सौंपी जाएगी ओलंपिक मशाल

**एथेंस।** ओलंपिक के जन्मदाता स्थल एथेंस में टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलो की मशाल कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए खाली स्टेडियम में सौंपी जाएगी। यूनान ओलंपिक समिति ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यूनान ने गत शुक्रवार को ओलंपिक मशाल की घरेलू रिले को रद्द कर दिया था ताकि इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा ना हो। समिति ने कहा, ओलंपिक खेलों की मशाल सौंपने का समारोह 19 मार्च को होना है और यह खाली स्टेडियम में किया जाएगा जहां दर्शकों की उपस्थिति नहीं होगी। 1896 ओलंपिक खेलों के स्थल एथेंस स्टेडियम में ओलंपिक मशाल अगले मेजबान शहर को सौंपने के समारोह में हजारों दर्शक जुटते हैं। यूनान में खुद कोरोना के 228 मामलों की पुष्टि हुई है। जापान को टोक्यो ओलंपिक की मेजबानी करनी है।

## आज का राशिफल

मेषः आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। आपमें एक विशेष आकर्षण रहेगा।

वृषभः राशि स्वामी शु द्वादश भाव में चला गया है, अपने क्षेत्र में होने से शत्रुओं को बल देगा।

मिथुनः आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए।

कर्कः आज आपको अकारण छोटे भाई बहनों के असहयोग का भागी बनना पड़ेगा।

सिंहः आपके अंदर परोपकार एवं दान पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा।

कन्याः भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा।

तुलाः यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रूचि बढ़ेगी।

वृश्चिकः आज आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

धनुः राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति प्रथम भाव में धनु पर भ्रमण पर है। विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी।

मकरः आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। इसलिए आपके संचित द्रव्य तंत्र-मंत्र साधना में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है।

कुंभः आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी।

मीनः आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

# काजोल ने शेयर कीं बेटी न्यासा के फोटोशूट की तस्वीरें

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस काजोल इंडस्ट्री की सबसे बेबाक ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह जैसी अपनी फिल्मों में नजर आती हैं, वैसी ही रियल लाइफ में भी हैं। फिल्मों के अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहती हैं।

हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी की तस्वीरें शेयर कीं जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि न्यासा ने लेटेस्ट फोटोशूट कराया है जिसे लेकर उनकी मां काफी खुश हैं। इन दो नई पिक्चर्स में न्यासा जमीन पर बैठी हैं और उन्होंने लहंगा पहना हुआ है। इन फोटोज को शेयर करते हुए काजोल ने लिखा, हम सभी लोग जब डर-डरकर जी रहे हैं, ऐसे में एक खुशनुमा पल सभी के लिए। इसकी हम सबको जरूरत है। तुम्हारा शुक्रिया मेरी होने के लिए। तुम सिर्फ मेरी हो, ऐसे ही हंसती रहो। काजोल के फैंस को उनकी बेटी की ये तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं।



यही नहीं, काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी ने कॉमेंट किया, मेरी प्रिंसेस। इसके साथ उन्होंने किस के कई सारे इमोजी बनाए। बता दें, काजोल फैंस के साथ फोटोज, विडियोज शेयर करती हैं जिन्हें वे काफी पसंद करते हैं। इससे पहले कई बार काजोल की बेटी न्यासा सोशल मीडिया पर ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी ट्विटर पर काफी आलोचना हुई थी जब वह दादा वीरू देवगन के निधन के कुछ घंटों बाद एक पार्लर से बाहर निकलते देखी गई थीं।

न्यासा बीते दिनों मुंबई में अपने पिता अजय देवगन के साथ मंदिर के बाहर नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने जो कपड़े पहन रखे थे वो कुछ लोगों को पसंद नहीं आए और उन्होंने न्यासा को ट्रोल करना शुर दिया।

# ब्रह्मास्त्र की म्यूजिक में दिलचस्पी दिखा रहे रणबीर कपूर

हाल ही में रणबीर कपूर अपनी गर्लफ्रेंड आलिया भट्ट के साथ दोस्त की होली पार्टी में नजर आए थे। इन दिनों वह अपनी अपकमिंग फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर बिजी हैं।

फिल्म में रणबीर लीड ऐक्टर के तौर पर दिखेंगे और अब ऐसा लग रहा है कि वह ब्रह्मास्त्र के म्यूजिक में भी काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। ऐक्टर की नई तस्वीर सामने आई है जिसमें वह एक प्रफेशनल के साथ ऑडियो पर कुछ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। अब यह फोटो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है और सभी का ध्यान खींच रहा है। पिक्चर में रणबीर दाढ़ी में नजर आ रहे हैं।



फिल्म का डायरेक्शन अयान मुखर्जी कर रहे हैं जिसमें अमिताभ बच्चन, नागार्जुन, डिंपल कपाड़िया और मौनी रॉय जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म में शाहरुख खान का कैमियो भी होगा। ब्रह्मास्त्र के सेट से तस्वीरें और विडियोज अक्सर सामने आते रहते हैं।

# नूडल्स और सब्जियों से तैयार करें नूडल्स कटलेट रेसिपी

## सामग्री

नूडल्स- 2 कप, लाल, पीली, हरी शिमला मिर्च- 1 कप (बारीक कटी), आलू- 1 कप (उबले और छीले हुए), गाजर- 1/4 कप (कटे हुए), नमक- स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच, चाट मसाला- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच, काली मिर्च पाउडर- स्वादानुसार, लहसुन- 1 चम्मच (बारीक कटे), अदरक- 1 चम्मच (बारीक कटे), हरी मिर्च- 1 चम्मच (बारीक कटी), हरी धनिया पत्ती- गार्निश के लिए, तेल- फ्राई करने के लिए, शेजवान सॉस- 2 चम्मच

## विधि

नूडल्स को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक बाउल में डालें। अब इसमें उबले आलू, शिमला मिर्च, गाजर डालकर



हाथ से अच्छे से मिक्स करें।

फिर नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, हल्दी, काली मिर्च पाउडर, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती डालकर मिक्स कर लें। अब इनके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें। कटलेट का शेप दें और प्लेट में रख लें। नॉन स्टिक पैन गर्म करें और इसमें इन कटलेट्स को गोल्डेन ब्राउन होने तक फ्राई कर लें। सर्विंग प्लेट में निकालें और शेजवॉन सॉस के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 63

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू- 63

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |